एक नजर में

रफत उल्ला का हॉकी प्रतियोगिता में चयन

सीहोर. केन्द्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित भारतीय सिविल सेवा हॉकी प्रतियोगिता में शहर के रफत उल्ला खान का चयन मप्र सिविल सर्विस टीम में हुआ है. यह प्रतियोगिता 17 से 28 फरवरी दिल्ली में आयोजित की जा रही है. रफत उल्ला खान वर्तमान में जिला चिकित्सालय में पदस्थ हैं. उनके चयन पर जिला चिकित्सालय परिवार में हर्ष का माहौल है. उल्लेखनीय है कि रफत उल्ला खान पूर्व में भी विभिन्न सिविल सर्विस प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर प्रदेश का नाम रोशन कर चुके हैं. सिविल सर्जन डॉ. उमेश श्रीवास्तव, आरएमओ डॉ. सुधीर श्रीवास्तव सहित अनेक डॉक्टरों एवं स्टॉफ ने शुभकामनाएं दी हैं.

बोरवेल रेस्क्यू पर दिया प्रशिक्षण

सीहोर. जिला प्रशासन के निर्देशानुसार बाढ़ आपदा राहत एवं बोरवेल दुर्घटना बचाव तकनीक विषय होमगार्ड लाइन, में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. पीएमश्री महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों ने बोरवेल रेस्क्यू एवं सीपीआर प्रशिक्षण में सहभागिता कर आपदा प्रबंधन संबंधी कौशल अर्जित किए. इस अवसर पर एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के अधिकारी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी विशाल परमार एवं डॉ. सुप्रिया गुप्ता उपस्थित थे. उन्होंने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए सेवा भावना, अनुशासन एवं मानवीय संवेदनाओं के महत्व पर प्रकाश डाला.

परिषद के प्रदेश अध्यक्ष खान का स्वागत

सीहोर. एडवोकेट श्रवण वास्तवार के चेम्बर में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार न्यायिक सुरक्षा परिषद प्रदेशाध्यक्ष नियाज अली खान का अधिवक्ता, पत्रकारों समाज सेवियों ने स्वागत किया. स्वागत करने वालों में संतोषसिंह, कुतुब उद्दीन शेख, विजय सक्सेना, भगवानसिंह, अनुज श्रीवास्तव संजय पटेल, शंकर खरे, कमल किशोर, मनीष राठौर प्रवीण जैन, तुलाराम शामिल थे.

श्रद्धालुओं ने दी शिवशक्ति महायज्ञ में आहुतियां

सीहोर. शाहपुर कौड़िया में पंच दिवसीय एक कुण्डीय शिव शक्ति यज्ञ एवं ॐ णमुक्तेश्वर महादेव प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जा रहा है. शुक्रवार को एक दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं ने यहां पर जारी हवन में आहुतियां दी. यज्ञाचार्य पंडित राहुल पाठक के मार्गदर्शन में श्रद्धालुओं ने 1803 हवन में वेद मंत्रों के साथ आहुतियां दी जा रही है. आगामी दिनों में यहां पर भव्य रूप से मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह किया जाएगा.

गेहूं उपार्जन की समस्या के लिए कंट्रोल रूम बना

सीहोर. जिले में गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन प्रारंभ हो गया है जो 7 मार्च तक किया जाएगा. कलेक्टर बालागुरू के के निर्देशानुसार प्रतिदिन जिले से किसानों के पंजीयन, खरीदी एवं भुगतान संबंधी समस्याओं का निराकरण के लिए कलेक्टर कार्यालय मेंकंट्रोल रूम स्थापित किया गया है. कंट्रोल रूम का नंबर 9425665036 एवं 9753393992 है.

मुख्य पाइप लाइन पर ही काट डाली कॉलोनी

सायलो चौराहे के समीप जमोनिया से आ रही पाइप लाइन पर बेचे प्लाटों पर तने कई मकान व दुकानें

- नगरपालिका ने अवैध निर्माण को लेकर थमाया नोटिस
- शहर में जगह- जगह बनाई जा रही हैं अवैध कॉलोनियां

नवभारत न्यूज

सीहोर 13 फरवरी. शहर में अवैध कॉलोनियों का जाल अब बुनियादी सुविधाओं की नसों तक पहुंच गया है. ताजा मामला समीपस्थ जमोनिया तालाब से आ रही मुख्य पेयजल पाइपलाइन का है, जिस पर ही कॉलोनाइजर ने प्लाट काट डाले. इतना ही नहीं, कई मकान और दुकानें भी खड़ी कर दी गई. अब नगर पालिका ने नोटिस थमाकर शासन की अनुमतियां प्रस्तुत करने को कहा है, लेकिन सवाल यह है कि आखिर निर्माण कार्य होते समय संबंधित विभाग आंख मूंदे क्यों बैठा रहा?

जानकारी के अनुसार जमोनिया तालाब से शहर की जलापूर्ति के लिए बिछाई गई मुख्य पाइपलाइन पर अतिक्रमण कर प्लॉटिंग की गई. इस मामले में नपा के जबावदेह अधिकारियों का कहना है कि यदि भविष्य में पाइपलाइन में खराबी आती है या मरम्मत की जरूरत पड़ती है, तो भारी समस्या खड़ी हो जाएगी। जलापूर्ति बाधित होने के साथ-साथ लाखों रुपये की पाइपलाइन को भी नुकसान पहुंच सकता है. शुक्रवार को सीएमओ सुधीर कुमार के निर्देश पर सहायक यंत्री विजय कोहली और अमला सायलो चौराहा स्थित एक अवैध कालोनी में पहुंचा. सहायक यंत्री की मानें तो निकाय की जलापूर्ति हेतु जमोनिया जलाशय से मण्डी/गंज क्षेत्र की ओर राइजिंग मेन लाईन (मुख्य पाईप लाईन) बिछी हुई है. कालोनाईजर द्वारा अतिक्रमण कर निर्माण कार्य करा लिया गया है जिससे पाईप लाईन से संबंधित किसी भी प्रकार का कार्य किया जाना संभव नहीं है. ऐसे में नगर पालिका द्वारा नोटिस जारी कर कॉलोनाइजर से शासन की स्वीकृतियां मांगी गई हैं. यदि दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाते, तो अतिक्रमण हटाने और अवैध निर्माण पर कार्रवाई की बात कही जा रही है. हालांकि शहरवासियों का कहना है कि केवल नोटिस थमाना पर्याप्त नहीं है, जब तक जमीन पर सख्त कार्रवाई न हो.

सीहोर. मेन पाइप लाइन पर अवैध अतिक्रमण करने वाले कॉलोनीवासियों को नपा द्वारा नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने को कहा गया.

अनुमतियां दिखाने को कहा है

सायलो चौराहे के समीप जमोनिया तालाब से आ रही पाईपलाईन पर अवैध रूप से निर्माण किए गए हैं. इन सभी 11 अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर उनसे निर्माण संबंधी अनुमतियां दिखाने को कहा गया है. अगर वह अनुमतियां नहीं दिखाते हैं तो हमारे द्वारा आगामी कार्रवाई की जाएगी.

विजय कोहली,
सहायक यंत्री, नपा

शहर में अवैध कॉलोनियों की बाढ़

जिला मुख्यालय और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिना वैधानिक अनुमति के कॉलोनियां विकसित होने का सिलसिला तेजी से बढ़ा है. न तो विधिवत डायवर्शन, न टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की स्वीकृति और न ही मूलभूत सुविधाओं का प्रावधान—फिर भी प्लॉट धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं. आम नागरिक अपनी जीवनभर की जमा-पूंजी लगाकर प्लॉट खरीद रहे हैं, लेकिन बाद में वे कानूनी उलझनों में फंसते हैं. अवैध कालोनी के रहवासी होने के कारण नगरीय निकाय व ग्राम पंचायत द्वारा मूलभूत सुविधाएं प्रदान नहीं की जातीं और न ही बिजली के स्थायी कनेक्शन उन्हें मिल पाते हैं. ऐसी परिस्थितियों में अवैध कालोनी में प्लाट खरीदकर मकान बनाने वाले नागरिक खुद को ठगा हुआ महसूस करते हैं, जबकि कालोनाईजर पूंजी लेने के बाद उनसे वास्ता ही नहीं रखते.

संबंधित विभाग जान-बूझकर कर रहा अनदेखी

शहर में कहीं भी अवैध कालोनी एक- दो दिन में नहीं कट जाती. इसमें महीनों समय लगता है, लेकिन जिम्मेदार उदासीन रहते हैं. इस मामले में भी सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि जब मुख्य पाइपलाइन पर प्लॉट काटे जा रहे थे, तब संबंधित विभाग और अधिकारी क्या कर रहे थे? क्या यह सब उनकी जानकारी में नहीं था, या फिर जानबूझकर अनदेखी की गई? शहर में अवैध कॉलोनियों का फैलता जाल गंभीर प्रशासनिक लापरवाही की ओर इशारा कर रहा है. वहीं स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो भविष्य में पेयजल संकट गहराएगा और नगर की मूलभूत सुविधाएं चरमरा जाएंगी. लोगों ने प्रशासन से मांग की जा रही है कि अवैध कॉलोनियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों की भी जवाबदेही तय की जाए.

डकैती की योजना बनाते धराए बदमाश

- ग्रामीणों की मदद से घेराबंदी कर पकड़े पांच बदमाश
- पेट्रोल पंप पर डकैती डालने की तैयारी में थे बदमाश

नवभारत न्यूज

आष्टा 13 फरवरी. पांच बदमाश पेट्रोल पंप लूटने की वारदात को अंजाम दे पाते उससे पहले ही पुलिस को भनक लग गई. पुलिस ने पांचों बदमाशों को हथियारों सहित दबोच लिया. पुलिस के हत्थे चढ़े बदमाशों पर पूर्व में भी कई मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं. पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुट गई है.

थाना अन्तर्गत गत रात्रि नानकपुर ग्राम से सूचना प्राप्त हुई की पांच बाहरी व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में हथियार रखे देखे गए हैं. वह सभी किसी घटना लूट, चोरी घटित करने की बात करते रास्ते से जा रहे हैं. पुलिस की दो टीमें नानकपुर यात्री प्रतीक्षालय के पास पहुंची तो वहां बैठे पांच व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे. पुलिस ने ग्रामवासियों की मदद से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया. पांचों संदिग्ध व्यक्तियों के पास घातक हथियार तलवार, चाकू, सब्बल, लोहे की राड और एक लोहे की नकब पाए गए. आरोपियों से पूछताछ की गई जिन्होंने देर रात्रि नानकपुर से आगे कन्नोद रोड़ पर स्थित पेट्रोल पंप लूट करने की घटना को अंजाम देना बताया. पुलिस ने पांचों आरोपियों शराफत अली पिता हुसैन खां जाति मेवाती निवासी ग्राम रहना थाना नूह जिला मेवात हरियाणा, साबिर खां पिता इरमत खां जाति मेवाती ग्राम दुकामा, वकील शाह पिता असगर शाह जाति शाह निवासी ग्राम अम्बाडा, ब्रजेश धनवार पिता रामौतार धनवार निवासी ग्राम डोकाकुई एवं अरमान खां पिता भूरे खां जाति मेवाती निवासी ग्राम अम्बाडा थाना कन्नौद जिला देवास को गिरफ्तार किया. आरोपी शराफत अली जो मूलतः जिला नूह हरियाणा का रहने वाला है. उसके विरुद्ध अन्य थानों में मारपीट व चोरी के अपराध पंजीबद्ध होने की जानकारी प्राप्त की गई है एवं अन्य दो आरोपियों साबिर खां के विरुद्ध भी 3 अपराध देवास जिले के थानों में दर्ज हैं. सभी आरोपियों से अन्य साथियों व घटनाओं की पूछताछ की जा रही है. आरोपी शराफत अली की गिरफ्तारी सूचना हरियाणा राज्य के सम्बंधित थाना नूह सदर को दी गई है.

मुंह से राम का नाम निकालना जटिल कार्य

नवभारत न्यूज

बुधनी 13 फरवरी. झांसी की कथा वाचिका सुश्री आस्था गोस्वामी ने कहा कि आज के दौर में मुंह से राम और जेब से दाम निकलवाना सबसे जटिल कार्य बन गया है. यह विचार उन्होंने चाचमऊ गांव में आयोजित संगीतमय रुद्र यज्ञ एवं श्रीराम कथा के दौरान व्यक्त किए.

सुश्री गोस्वामी ने कहा कि अगले क्षण जीवन रहेगा या नहीं, इसकी कोई गारंटी नहीं है, फिर भी मनुष्य भविष्य की चिंता में उलझा रहता है. आवश्यकता इस बात की है कि भौतिक सुख-सुविधाओं से ऊपर उठकर धर्म, आस्था और विश्वास के मार्ग को अपनाया जाए, जिससे समाज में सकारात्मकता और संस्कारों का विकास हो सके.

उन्होंने संतों के सम्मान को सनातन संस्कृति की पहचान बताते हुए कहा कि जैसे मां के गर्भ में पल रहा भ्रूण मां की गतिविधियों से प्रभावित होता है, उसी प्रकार मनुष्य को भी सनातन धर्म के मूल्यों को अपनाकर अपने विकारों का त्याग करते हुए सद्गुणों के मार्ग पर चलना चाहिए. इस 9 दिवसीय रुद्र यज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा की विशेषता यह है कि प्रतिदिन कथा समापन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दानदाता बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं.

कुबरेश्वर धाम पर शताधिक सफाईमित्र रहेंगे तैनात

- नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर व सीएमओ ने दी जानकारी
- धाम पर फायर ब्रिगेड व पानी के टैंकर भी रहेंगे उपलब्ध

नवभारत न्यूज

सीहोर 13 फरवरी. शनिवार से कुबेरेश्वरधाम पर होने वाले शिवमहापुराण को लेकर नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने अमले को ड्यूटी पर तैनात किया है. शुक्रवार को नपा में सीएमओ सुधीर कुमार, पार्षदों और स्वच्छता प्रभारी अमित यादव आदि की उपस्थिति में शहर और धाम को लेकर स्वच्छता के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया.

नपाध्यक्ष श्री राठौर ने बताया कि कुबेरेश्वर धाम परिसर में 100 से अधिक कर्मचारियों को तैनात किया गया है. इसके अलावा पानी के टैंकर, फायर बिग्रेड, 20 कचरा गाड़ी आदि की व्यवस्था भी की गई है. नपा अमले द्वारा नियमित रूप से साफ सफाई कराई जा रही है. इसके अलावा आयोजन के लिए पेयजल और सफाई के इंतजाम आगे भी पूरी तरह किए जाएंगे, जहां पर भी आवश्यकता होगी. वह बेहतर इंतजाम की व्यवस्था की जाएगी. वहीं सीएमओ ने शहर में भी स्वच्छता की व्यवस्था का इंतजाम के लिए भी तैयार रहने के लिए कहा है. उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि रुद्राक्ष महोत्सव को लेकर अधिकांश अमला धाम पर है, ऐसे में सफाई आदि कार्य में कुछ विलंब हो सकता है, वहीं हमारे कर्मचारियोंसेवा में सदैव तत्पर है.

संकेतक एवं सूचना पटल की सुदृढ़ व्यवस्था

धाम परिसर में साइन बोर्ड एवं सूचना पटल स्थापित किए गए हैं. भोजनशाला, मुख्य एवं सहायक पुलिस सहायता केंद्र, चिकित्सालय एवं प्राथमिक उपचार केंद्र, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, पार्किंग स्थल, कथा पांडाल, मुख्य प्रवेश द्वार, निकास मार्ग तक पहुंचने के लिए स्पष्ट दिशा-सूचक बोर्ड लगाए गए हैं. सभी संकेतक ऐसे स्थानों पर स्थापित किए गए हैं जहां से श्रद्धालुओं को त्वरित मार्गदर्शन प्राप्त हो सके.

हायर सेकेंडरी एवं हाई स्कूल परीक्षा प्रारंभ

सीहोर. माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकण्ड्री परीक्षाएं शुक्रवार को जिले के सभी विकासखंडों के निर्धारित 97 परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से प्रारंभ हुई. परीक्षा के प्रथम दिवस कक्षा 10 वीं में उर्दू विषय तथा कक्षा 12 वीं में भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, एनीमल हसबेंडरी, विज्ञान के तत्व एवं भारतीय कला के इतिहास विषयों के प्रश्न पत्र आयोजित किए गए. सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुई तथा जिले में किसी भी प्रकार का नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ. डीईओ तोमर ने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा, गोपनीयता एवं अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया है.

लाखों की राहत राशि हड़पने वाला लिपिक बर्खास्त

नवभारत न्यूज

सीहोर 13 फरवरी. कृषकों व आपदा पीड़ित हितग्राहियों को दी जाने वाली राहत राशि में 63 लाख 58 हजार 894 रुपए के गबन के मामले में तहसील इछावर कार्यालय में पदस्थ (निलंबित) सहायक वर्ग-03 सुशील कुमार रायकवार को शासकीय सेवा से पदच्युत कर दिया गया है.

जिला विभागीय जांच अधिकारी की विस्तृत जांच में यह सिद्ध हुआ कि रायकवार ने राहत राशि का दुरुपयोग कर लाखों की हेराफेरी की साजिश रची. गत 6 जुलाई 2015 से 27 सितंबर 2023 तक की अवधि में नायब नाजिर के पद पर कार्यालय तहसीलदार इछावर में कार्य करते हुए अपने पद का दुरुपयोग कर शासन की राशि 63 लाख 58 हजार 894 रुपए को अपने तथा अन्य साथियों प्रमोद चौरसिया, प्रीति चौरसिया, एवं गौरव गुप्ता (पटवारी) के खाते में बिना किसी वैधानिक दावे के कूट रचित दस्तावेजों का प्रयोग करके बैंक खाते में हस्तांतरित कर उपयोग किया गया है. इस मामले में रायकवार को 11 मई 2023 को निलंबित किया गया था. घोटाले की जांच के अनुसार सुशील कुमार रायकवार द्वारा स्वयं के खाते में 14,12,396 रुपए अंतरित किए गए. इसी तरह कंप्यूटर ऑपरेटर प्रमोद चौरसिया के दो खातों में 36,82,705 रुपए डाले गए. प्रमोद चौरसिया की पत्नी श्रीमती प्रीति चौरसिया के खाते में 10,49,691 रुपए स्थानांतरित किए गए. पटवारी गौरव गुप्ता के खाते में 2,14,102 रुपए ट्रांसफर किए गए. इस प्रकार कुल 63,58,894 रुपए फर्जी तरीके से विभिन्न खातों में अंतरित कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई. जांच अधिकारी के निष्कर्ष से सहमति जताते हुए सक्षम प्राधिकारी ने म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 10(9) के तहत कदाचार की श्रेणी में मामला पाते हुए दीर्घशास्ति आरोपित की है. आदेश में स्पष्ट किया गया है कि रायकवार को पदच्युत किया जाता है.

एक माह में ब्याज सहित राशि जमा करने के निर्देश

आदेश में यह भी निर्देशित किया गया है कि गबन की गई 63,58,894 रुपए की राशि मय ब्याज एक माह के भीतर शासकीय कोष में जमा कराई जाए. निर्धारित समय में राशि जमा न होने की स्थिति में तहसीलदार द्वारा इसे भू-राजस्व की तरह वसूल कर शासकीय खाते में जमा कराया जाएगा.

धार्मिक | खाटू नरेश का किया 11 हजार रुद्राक्ष से श्रृंगार

खाटू नरेश में दिखा भोलेनाथ का स्वरूप

नवभारत न्यूज

सीहोर 13 फरवरी. एकादशी पर बाबा खाटू श्याम के मंदिर पर एक लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे.

मंदिर के संस्थापक ऋषि सोलंकी ने बताया कि शनिवार को ग्यारस और रुद्राक्ष महोत्सव के उपलक्ष्य में बाबा खाटू नरेश का 11 हजार रुद्राक्ष से श्रृंगार किया गया. एकादशी पर सुबह से शाम तक सीहोर, भोपाल, आष्टा, इछावर, होशंगाबाद, राजगढ़, बैतूल, इटारसी सहित प्रदेश के अन्य स्थानों से एक लाख से अधिक श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन करने पहुंचे.

एकादशी पर श्रद्धालुओं द्वारा बाबा श्याम के भजनों की प्रस्तुति दी जाती है. प्रमुख संरक्षक विवेक राठौर ने बताया कि बाबा श्याम का इस बार 11 हजार रुद्राक्ष से आकर्षक श्रृंगार भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करता नजर आया. रुद्राक्ष के श्रृंगार से बाबा खाटू नरेश भोलेनाथ का स्वरूप धारण किए हुए थे जो भक्तों का मन मोह रहे थे. उन्होंने बताया कि 27 फरवरी को बाबा श्याम की होली फाग महोत्सव का आयोजन मंदिर परिसर में किया जाएगा इसके साथ ही 11 हजार रुद्राक्ष का वितरण किया जाएगा.

कार्यक्रम में दिलाई जल सरंक्षण की शपथ

आष्टा. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्राम छापर में जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें कलश यात्रा, स्कूल रैली के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया गया. ग्रामीणों को जल संरक्षण व स्वछता की शपथ ब्लॉक समन्वयक मंगलेश दुबे द्वारा दिलाई गई. जल कर का भुगतान करने वाले परिवारों तथा पंप ऑपरेटर दिनेश को सम्मानित किया गया. इस मौके पर सहायक यंत्री जिज्ञासा दीक्षित, मंगलेश दुबे, राजेंद्र वर्मा, गीताबाई, ज्ञान सिंह वर्मा, ममता बाई, विक्रम सिंह मेवाड़ा, सुरेश सोनानिया, दिनेश वर्मा, युगल वर्मा, मंगलेश वर्मा, तेजसिंह वर्मा उपस्थित थे.

कार्यालय नगर परिषद् रेहटी, जिला-सीहोर (म.प्र.)

क्रमांक 109/न.प./नामांतरण/2026 — रेहटी, दिनांक 11/02/2026

नामांतरण विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम की धारा 1961 की धारा 150 के तहत नगरपरिषद् रेहटी की सीमा अन्तर्गत नीचे दी गई सूची अनुसार भू-खण्ड/भवन/दुकान नामांतरण के प्रकरण इस कार्यालय में प्राप्त हुए हैं। एतद् द्वारा उक्त प्रकाशित सूचना के संबंध में यदि किसी नामांकरण को लेकर किसी व्यक्ति/फर्म/बैंक/वित्तीय संस्थाओं को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस सार्वजनिक प्रकाशन दिन 30 से दिवस के भीतर तथ्यात्मक अभिलेखों सहित इस कार्यालय में लिखित में आवेदन प्रस्तुत करें। बाद अवधि पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। नामांतरण का विवरण निम्नानुसार है।

क्र.	हस्तान्तरकर्ता जिसका नाम कम किया जाना है	हस्तांतरित जिसका नाम दर्ज किया जाना	वार्ड क्र.	नामांतरण का आधार
1	रमेश गुप्ता आ. सालिगगराम गुप्ता निवासी वार्ड क्र. 06 रेहटी	श्री महेन्द्र गुप्ता आ. स्व. श्री रमेशचंद्र गुप्ता निवासी वार्ड क्र. 06 रेहटी	06	वसीयतनामा, मुत्यु प्रमाण पत्र
2	श्री भूपेन्द्र यदुवंशी आ. लक्ष्मीनारायण यदुवंशी श्रीमती ज्योति बाई पत्नी चंद्रप्रकाश यादव निवासी महागांव जदीद, श्री जितेन्द्र यदुवंशी आ.लक्ष्मीनारायण, श्रीमती प्रभाबाई पत्नी लक्ष्मीनारायण निवासी ग्राम लोधड़ी तह.सिवनी मालवा	श्री हरीश कुमार माहेश्वरी आ. अवधनारायण माहेश्वरी निवासी वार्ड क्र. 03 रेहटी	14	रजिस्ट्री
3	श्री श्रीराम रघुवंशी आ.रामदीन रघुवंशी निवासी ग्राम मांजरकुई तह. रेहटी	श्री प्रदीप यादव आ. हरिनारायण यादव निवासी वार्ड. क्र. 09 विकास कॉलोनी विकास रेहटी	09	रजिस्ट्री
4	श्री चंद्रकिशोर चौरे आ.कंछेदीलाल चौरे निवासी वार्ड क्र.09 रेहटी	श्री विक्रम सिंह आ.सुमेर सिंह निवासी ग्राम बोरधी	09	रजिस्ट्री
5	श्री मुकेश मालवीय आ.सूरज प्रसाद मालवीय निवासी लाड़कुई	श्री चंद्रदीप जाट आ. श्री राजाराम जाट निवासी वार्ड क्र.02 रेहटी	02	रजिस्ट्री
6	श्री प्रहलाद सिंह आ.श्री हजारीलाल निवासी वार्ड.क्र 04 रेहटी	श्रीमती गीतादेवी पत्नी प्रहलाद सिंह निवासी वार्ड क्र. 04 रेहटी	04	शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र
7	श्री पवन महेश्वरी आ.रामचंद्र महेश्वरी निवासी रेहटी	श्री हुकम साहू आ.श्री रामसिंह साहू निवासी वार्ड क्र.03 रेहटी	15	रजिस्ट्री
8	श्री जगदीश प्रसाद चौहान आ. श्री रामकिशन यदुवंशी निवासी वार्ड क्र.14 रेहटी	श्रीमती आरती महेश्वरी आ.श्री उमेश माहेश्वरी निवासी वार्ड. क्र. 01 रेहटी	01	रजिस्ट्री
9	श्री दुर्गाप्रसाद यदुवंशी आ.रामकिशन यदुवंशी निवासी वार्ड. क्र. 09 रेहटी	श्री नारायण सिंह चौहान, श्री विष्णु चौहान आ. अमरसिंह चौहान निवासी वार्ड क्र.09 रेहटी	09	रजिस्ट्री
10	श्री अभिषेक वर्मा, अनिकेत वर्मा आ. रमेश वर्मा निवासी वार्ड. क्र.03 रेहटी	श्रीमती संगीता यादव पत्नी महेश यादव निवासी ग्राम छिदगांव मौजी तह.भैरुंदा	09	रजिस्ट्री
11	पदमनाथ हाउसिंह एंड इन्फास्ट्रक्चर छाया शुक्ला कार्यालयीन पता-35 मालवीय नगर भोपाल	श्री कमलेश सेन आ.नर्मदा प्रसाद सेन निवासी ग्राम बोरघाटी तह.रेहटी	09	रजिस्ट्री
12	श्री भरोस आ.मुन्नालाल निवासी आमडो एवं मायाबाई पत्नी संतोष निवासी आष्टा	श्री देवनलाल मेहरा आ.धन्नूलाल निवासी सोहागपुर	09	रजिस्ट्री
13	श्री मंगलसिंह आ.स्वरूप सिंह निवासी वार्ड क्र.15 रेहटी तह. रेहटी	श्रीमती वंदना मालवीय आ.श्री रामनारायण मालवीय निवासी वार्ड क्र.04 रेहटी	15	रजिस्ट्री
14	श्री मंगलसिंह आ.स्वरूप सिंह निवासी वार्ड क्र.15 रेहटी तह. रेहटी	श्री विकल्प मालवीय आ. रामनारायण मालवीय निवासी वार्ड.क्र 04 रेहटी	15	रजिस्ट्री
15	श्री राममोहन सोनी आ.श्री शंकरलाल सोनी निवासी वार्ड क्र. 13 रेहटी	श्रीमती हर्षिता सोनी पत्नी श्री अमित सोनी निवासी वार्ड क्र. 06 रेहटी	13	रजिस्ट्री
16	श्री देवकली बाई पत्नी गजमल चौहान निवासी वार्ड क्र. 09 रेहटी	श्री बालकृष्ण वर्मा, मनीष कुमार वर्मा आ.घासीराम वर्मा निवासी वार्ड क्र. 04 रेहटी	04	रजिस्ट्री
17	श्री हरिओम आ.प्रभुदयाल निवासी वार्ड क्र.10 रेहटी	श्री अमित खींची आ.ओमप्रकाश खींची निवासी वार्ड क्र.10 रेहटी	06	रजिस्ट्री

(राजेन्द्र मीना पटेल)
अध्यक्ष
नगर परिषद रेहटी

(राजेन्द्र कुमार यादव)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद रेहटी, जिला सीहोर म.प्र.